ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 3 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 211

पृष्ठ 4

भाजपा के सदस्यता अभियान पर साइबर फ्रॉड का साया ! OTP बताने से डर रहे लोग, इसलिए ऑफलाइन सदस्यता पर विचार



24न्यूजअपडेट

जयपुर : लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक परिणाम हासिल नहीं करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने जनाधार बढ़ाने के लिए 2 सितंबर से देश में जबकि 3 सितंबर से प्रदेश में सदस्यता अभियान शुरू किया हुआ है. फर्जी या बोगस सदस्य बनाने पर रोक लगाने के लिए हाईकमान ने सदस्यता का वेरिफिकेशन सिस्टम लागू किया है. पहली बार मिस कॉल के बाद लिंक जनरेट हो रहा और उसके बाद वेरिफिकेशन के लिए OTP आता है. OTP वेरीफाई होने के बाद ही सदस्य बन सकते हैं, लेकिन आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार आने वाले आदेशों के बीच जनता इस OTP को देने से डर रही रही है. साइबर फ्रॉड के साए में आए इस सदस्यता अभियान को आगे बढ़ने के लिए बीजेपी अब जिन क्षेत्रों में इस तरह का ज्यादा डर है और जनता OTP बताने से बच रही है, वहां पर पार्टी ऑफलाइन यानी रसीदों के जरिए सदस्य बनाएगी.

ऑफलाइन सदयता : सदस्यता अभियान के सह प्रभारी मोतीलाल मीणा ने बताया कि यह सही है कि अभी साइबर के ठगी के मामले राजस्थान और देश में आ रहे हैं. इस तरह की घटना से आम जनता भयभीत है. कई जिलों में सदस्यता अभियान में भी इसको लेकर दिक्कत आ रही है, इसलिए पार्टी इसके लिए विकल्प के तौर पर ऑफलाइन सदस्य बनाने के लिए रसीद बुक छपवाई है. मोतीलाल ने बताया कि ऐसे लोग जो ओटीपी देना पसंद नहीं करते हैं या जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की दिक्कत है, उनके लिए पार्टी ने रसीद बुक भिजवा रही है, ताकि अभियान में किस तरह की कोई परेशानी नहीं हो. इन जिलों में ज्यादा असर : भरतपुर, उदयपुर संभाग, बारां, अलवर सहित कई जिले हैं जहां पार्टी को साइबर ठगी के डर से आम जन OTP देने से बच रही है. इसके साथ कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जहां नेटवर्क प्रॉब्लम है. सदस्यता अभियान की समीक्षा के दौरान सामने आई इस तरह की समस्या के समाधान के लिए पार्टी ने ऑफलाइन सदस्य बनाने का भी प्रावधान रखा है. इसके लिए पार्टी रसीद बुक के जरिए सदस्य बनाने के लिए सामाग्री उपलब्ध कराइ जा रही है ।

क्या है ऑनलाइन प्रोसेस : मोतीलाल मीणा ने बताया कि पहले मिस कॉल से सदस्य बनते थे, लेकिन इस बार मिस कॉल करने पर एक लिंक जनरेट होगा, उस लिंक को ओपन करने के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक वन टाइम ओटीपी आता है, उस ओटीपी को सबमिट करने पर एक फॉर्म ओपन होता है, जिसमें जो भी व्यक्ति भाजपा की सदस्यता लेना चाहता है वो अपनी पूरी डिटेल डालनी होती है. उसके बाद उस फॉर्म को समिट किया जाता है. इस तरह से वह व्यक्ति भाजपा का सदस्य बनता हैं ।

4 महीने की सबसे बड़ी गिरावट... सेंसेक्स 1769 अंक लुढ़का, निफ्टी 25,250 पर हुआ बंद



24 न्यूज अपडेट

मुंबईः मध्य पूर्व में बिगड़ते संघर्ष के बीच कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ रेड जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 1769 अंकों की गिरावट के साथ 82,497.10 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 2.12 फीसदी की गिरावट के साथ 25,250.10 पर बंद हुआ ।

आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स पर जुबिलेंट इंग्रेविया, एम्बर एंटरप्राइजेज, पेट्रोनेट एलएनजी, एंजल वन के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे, जबकि एशियन पेंट्स, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे ।

सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में कारोबार किए, जिसमें रियल्टी इंडेक्स में 4 फीसदी और ऑटो, बैंक, कैपिटल गुड्स इंडेक्स में 2-3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 2-2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लाल निशान में फिसल गए, जिसका असर अधिकांश क्षेत्रों में गिरावट पर पड़ा क्योंकि निवेशकों ने मध्य पूर्व में बिगड़ते संघर्ष पर चिंता व्यक्त की. सभी प्रमुख 13 क्षेत्रीय सूचकांकों में गिरावट आई, जिसमें रियल एस्टेट और ऑटो शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई. बाजार में ऐसी गिरावट 4 महीने पहले आई थी. बता दें कि 4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद होने वाली यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है ।

ओपनिंग का बाजार

कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ पर ओपन हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 831 अंकों की गिरावट के साथ 83,434.79 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 1.03 फीसदी की गिरावट के साथ 25,529.95 पर खुला हुआ ।

ईशा फाउंडेशन के खिलाफ जांच पर सुप्रीम कोर्ट की रोक:कहा- पुलिस आगे एक्शन न ले; फाउंडेशन पर लड़कियों को बंधक बनाने का आरोप

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ईशा फाउंडेशन के खिलाफ पुलिस जांच के आदेश पर रोक लगा दी है। ईशा फाउंडेशन के फाउंडर सद्गुरु जग्गी वासुदेव हैं।

फाउंडेशन के खिलाफ रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। आरोप था कि आश्रम में उनकी बेटियों लता और गीता को बंधक बनाकर रखा गया है।

मद्रास हाईकोर्ट ने 30 सितंबर को कहा था कि पुलिस ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी क्रिमिनल केसों की डिटेल पेश करे। अगले दिन 1 अक्टूबर को करीब 150 पुलिसकर्मी आश्रम में जांच करने पहुंचे थे।

सद्गुरु ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी।

CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा-आप सेना या पुलिस को ऐसी जगह दाखिल होने की इजाजत नहीं दे सकते।

उन्होंने कहा कि दोनों लड़कियां 2009 में आश्रम में आई थीं। उस वक्त उनकी उम्र 24 और 27 साल थी। वे अपनी मर्जी से वहां रह रही हैं। उन्होंने बताया कि कल रात से आश्रम में मौजूद पुलिस अब चली गई है।



फैसले से पहले CJI चंद्रचूड़ ने दोनों महिला संन्यासियों से अपने चेंबर में चर्चा भी की। इनमें से एक ने कहा कि दोनों ही बहनें अपनी मर्जी से ईशा योग फाउंडेशन में हैं। उनके पिता पिछले 8 सालों से परेशान कर रहे हैं।

याचिकाकर्ता का आरोप- बेटियों को बंधक बनाया, ब्रेनवॉश किया तमिलनाडु एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उन्होंने कहा था कि आश्रम ने उनकी बेटियों को बंधक बना लिया है। उन्हें तुरंत मुक्त कराया जाए।

कामराज ने कहा है कि ईशा फाउंडेशन ने उनकी बेटियों का ब्रेनवॉश किया, जिसके कारण वे संन्यासी बन गईं।

कामराज ने कहा-बेटियों को कुछ खाना और दवा दी जा रही है, जिससे उनकी सोचने-समझने की शक्ति खत्म हो गई है। जब से बेटियों ने उन्हें छोड़ा है, उनका जीवन नर्क बन गया है।

बड़ी बेटी गीता UK की एक यूनिवर्सिटी से M.Tech है। उसे 2004 में उसी यूनिवर्सिटी में लगभग 1 लाख के वेतन पर नौकरी मिली थी। उसने 2008 में अपने तलाक के बाद ईशा फाउंडेशन में योग क्लासेज में भाग लेना शुरू किया। जल्द ही गीता की छोटी बहन लता भी उसके साथ ईशा फाउंडेशन में रहने लगी। दोनों बहनों ने अपना नाम बदल लिया और अब माता-पिता से मिलने से भी इनकार कर रही हैं।

हाईकोर्ट ने कहा था- अपनी बेटियों की शादी करने वाला दूसरों को संन्यासी बना रहा मद्रास हाईकोर्ट ने 30 अक्टूबर को कहा था, "जब आपने अपनी बेटी की शादी कर दी है, तो दूसरों की बेटियों को सिर मुंडवाने और सांसारिक जीवन त्यागकर संन्यासियों की तरह रहने के लिए क्यों प्रोत्साहित कर रहे हैं।"

अयोध्या में राम मंदिर का शिखर बनना शुरू:4 महीने में तैयार होगा, दर्शन पर कोई असर नहीं; सबसे ऊपर धर्म ध्वजा होगी



24 न्यूज अपडेट

अयोध्या. राम मंदिर के शिखर का निर्माण आज से शुरू हो गया। यह 120 दिन (4 महीने) में बनकर तैयार होगा। इसके बाद मंदिर की कुल ऊंचाई 161 फीट हो जाएगी। सबसे ऊपर धर्म ध्वजा होगी।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया- कंस्ट्रक्शन शुरू करने से पहले स्थल पर पूजा-अर्चना की गई। शिखर पर लगने वाले मुख्य पत्थर की पूजा की गई। कंस्ट्रक्शन की गति ठीक है। टाइम पर काम पूरा होगा। इंजीनियर्स से बातचीत की गई है।

नागर शैली के मंदिर का शिखर सोमपुरा आर्किटेक्ट्स ने डिजाइन किया नागर शैली में बनने वाले मंदिर का शिखर भी उसी शैली का होगा। इसे सोमपुरा आर्किटेक्ट्स ने डिजाइन किया है। डिजाइन को ट्रस्ट ने पहले ही फाइनल कर दिया था। पूरे मंदिर की (शिखर तक) ऊंचाई 161 फीट है। शिखर के निर्माण में कम से कम 120 दिन का समय लगेगा।

शिखर पर धर्म ध्वज भी होगा। मंदिर में शिखर बनाना सबसे मुश्किल माना जाता है। इसीलिए इसका निर्माण शुरू होते समय सभी एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। राम मंदिर के निर्माण की विशेषताओं को ध्यान रखते हुए शिखर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए इसकी मजबूती और खूबसूरती दोनों का ध्यान रखा जाएगा।

7 ऋषि- मुनियों के मंदिर 4 महीने में बनेंगे नृपेंद्र मिश्रा ने बताया- मैंने राम मंदिर परिसर में बन रहे सप्त मंदिर का निरीक्षण किया। ये मंदिर 7 ऋषि- मुनियों के नाम पर वशिष्ठ, कश्यप, अत्रि, जमदग्नि, गौतम, विश्वामित्र, भारद्वाज हैं। यहां पर सभी की मूर्तियां लगेंगी। इसके निर्माण में तेजी देखने को मिली।

इसके अलावा मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न समेत 24 देवताओं की मूर्तियों का निर्माण भी पूरा हो गया है। इसे जल्द स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया, राम मंदिर के निर्माण में तेजी लाने के लिए तीन दिन की समीक्षा बैठक हो रही है।

2000 रुपये के नोट को लेकर RBI ने जारी किया अलर्ट



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः देश में 2000 रुपये के गुलाबी नोटों पर प्रतिबंध लगे डेढ़ साल से ज्यादा का समय बीत चुका है. लेकिन लोगों के पास अभी भी 7000 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के ये नोट हैं. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने अक्टूबर के पहले दिन इन नोटों पर बड़ा अपडेट देते हुए बताया कि प्रचलन से बाहर किए जाने के बाद से अब तक कुल 2000 रुपये के 98 फीसदी नोट वापस आ चुके हैं ।

2 फीसदी नोट अभी भी आने का इंतजार

मंगलवार यानी 1 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय बैंक RBI ने प्रचलन से बाहर किए गए 2000 रुपये के नोटों की वापसी का डेटा साझा करते हुए बताया कि इस मूल्य के 98 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं. पीटीआई के मुताबिक, रिजर्व बैंक ने बताया है कि लोगों के पास अभी भी 7,117 करोड़ रुपये के गुलाबी नोट हैं. इन नोटों के प्रचलन से बाहर किए जाने के बाद शुरुआती दौर में इनकी वापसी तेजी से हुई. लेकिन अब ये बेहद धीमी गति से वापस आ रहे हैं ।

2000 के नोट कब और क्यों बंद किए गए?

स्वच्छ नोट नीति के तहत आरबीआई ने 19 मई 2023 को देश में प्रचलन में सबसे अधिक मूल्य के इस 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की थी. इसके बाद केंद्रीय बैंक ने इन नोटों को स्थानीय बैंकों और 19 आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालयों में वापस करने और बदलने के लिए 23 मई से 30 सितंबर 2023 तक का समय दिया था. हालांकि, इसके बाद यह समयसीमा लगातार बढ़ाई गई ।

अभी भी जमा कर सकते हैं 2000 के नोट

आपको बता दें कि इन नोटों को अभी भी बदला जा सकता है. हालांकि स्थानीय बैंकों में यह काम नहीं होगा. केंद्रीय बैंक पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि प्रचलन से वापस लिए गए इन गुलाबी नोटों को अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में स्थित 19 आरबीआई कार्यालयों के अलावा इंडिया पोस्ट के माध्यम से अपने किसी भी नजदीकी डाकघर में जाकर जमा किया जा सकता है ।

संपादकीय : हमले और हालात

आखिरकार इंगन ने इजराइल पर मिसाइलें दाग कर उसे चुनौती दे दी। अभी तक हमा विरुद्ध इजराइल की जंग को लेकर वह चुप्पी साधे हुए था। मगर जब इजराइल ने लेबनान पर हमला कर हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह और दूसरे नेताओं को मार गिराया तो इजराइल की चेतावनियों को धता बताते हुए ईरान ने उस पर जवाबी मिसाइलें दाग दीं। हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि इस हमले से इजराइल में कितना नुकसान हुआ है, मगर इससे इजराइल के पक्ष और विपक्ष में दुनिया के बंट जाने और संघर्ष बढ़ने की आशंकाएं गहरा गई है। अमेरिका शुरू से इजराइल का समर्थन करता रहा है। ईरान के हमले के बाद उसने खुल कर कह दिया कि जब भी जरूरत पड़ेगी, उसकी सेनाएं इजराइल की मदद के लिए उतरने को तैयार हैं। कुछ दिनों पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने इजराइल को चेतावनी दी थी कि वह लेबनान पर हमले से बाज आए। बताया जा रहा है कि ईरान ने रूस से बातचीत के बाद ही इजराइल पर मिलसाइलें दागीं। इस तरह यह आशंका बढ़ गई है कि अगर इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ा, तो विश्वयुद्ध की स्थिति बन सकती है। दरअसल, यह संघर्ष फिलिस्तीन को लेकर शुरू हुआ था। लंबे समय से यह विवाद चला आ रहा है, मगर जब हमास के लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में उतर कर हमले किए तो इजराइल ने उसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी । इजराइल ने पहले ही फिलिस्तीन का लगभग सारा हिस्सा हथिया लिया था। अब उसने बचे हुए गाजा पट्टी पर भी हमले शुरू कर दिए और एक तरह से फिलिस्तीन का नामोनिशान मिटाने पर तुला है। हमास पर काबू पाने के बाद उसने लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हूती विद्रोहियों को नेस्तनाबूद करने की कोशिशें तेज कर दी। सब जानते हैं कि हमास, हिजबुल्लाह और हूती- तीनों संगठनों को ईरान ने पाला-पोसा है। इजराइल इन्हें आतंकी संगठन बताता है, जबकि ईरान उन्हें स्वतंत्रता सेनानी कहता है । जैसा कि इजराइल के रुख से जाहिर है, वह अपने विरुद्ध उठने वाले किसी भी कदम को सख्ती से कुचलने को प्रतिबद्ध है। इसकी खुली चेतावनी भी वह दे चुका है। कुछ दिनों पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन न्याहू ने ईरान की जनता को सीधे संबोधित करते हुए यहां के शाह के खिलाफ उन्हें भड़काने की भी कोशिश की थी। अगर इजराइल और ईरान में संघर्ष बढ़ता है, तो इसके कई घातक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। इन हालात में भारत संतुलन बनाकर चल रहा है। भारत के संबंध अमेरिका और इजराइल से बहुत अच्छे हैं, तो ईरान और रूस से भी रणनीतिक संबंध हैं। दो दिन पहले प्रधानमंत्री ने इजराइल के प्रधानमंत्री से फोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में शांति बहाली और बंधकों की सुरक्षित रिहाई की अपील की थी। मगर ईरान के हमले के बाद स्थिति बदल गई है। हालांकि ऐसी स्थितियों में दुनिया की नजर भारत पर बनी रहती है और उम्मीद की जाती है कि वह मध्यस्थता कर युद्धविराम का रास्ता तैयार कर सकता है। रूस- यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए भारत लगातार प्रयास करता भी रहा है। मगर इजराइल के मामले में यह काम थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया है। इजराइल अपनी जिद पर अड़ा हुआ है और अब ईरान ने उसे चुनौती दे दी है । इस संघर्ष को और बढ़ने से रोकने का रास्ता फिलहाल इजराइल और अमेरिका को ही निकालना है।

सलाखों पर सवाल

हरियाणा विधानसभा चुनाव के समय गुरमीत राम रहीम के पैरोल पर बाहर आने को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। एक ऐसा व्यक्ति, जो हत्या और बलात्कार जैसे संगीन जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहा हो, वह बार- बार सलाखों से बाहर कैसे चला आता है, यह बड़ा सवाल है। ऐसा अनेक बार हो चुका है। अब तक वह करीब दो सौ पचहत्तर दिन पैरोल या फरलो पर बाहर रह चुका है। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता कि वह प्रायः उन्हीं दिनों जेल से बाहर आया, जब कहीं न कहीं चुनाव चल रहे थे। हालांकि इस बार हरियाणा के निर्वाचन आयोग ने उसे हरियाणा से बाहर रहने को कहा है, मगर इतने भर से उसके पैरोल पर सवाल उठने बंद नहीं हो जाते। करीब महीना भर पहले ही पैरोल पर रह कर वह जेल गया था। पूछा जा रहा है कि एक तरफ संगीन मामलों में सजायाफ्ता कैदी को पैरोल मिल जाता है, वहीं बहुत सारे आरोपियों को जमानत नहीं मिल पाती। बहुत सारे कैदियों को नितांत आकस्मिक स्थितियों में भी पैरोल नहीं मिल पाती । क्या राम रहीम के लिए जेल नियमावली अलग है। बताया जाता है कि राम रहीम का हरियाणा के कुछ जिलों में खासा प्रभाव है। तो क्या वह हर बार अपने अनुयायियों को कोई राजनीतिक संदेश देने बाहर आता है ? इससे पहले वह हरियाणा नगर निकाय चुनाव के समय तीस दिन की पैरोल पर बाहर आया था। आदमपुर विधानसभा उपचुनाव से पहले उसे चालीस दिन की पैरोल मिली थी। हरियाणा पंचायत चुनाव से पहले भी उसे पैरोल मिली थी। राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले उसे उनतीस दिन की फरलो दी गई थी। इस तरह बार-बार उसके जेल से बाहर आने पर राज्य सरकार की मंशा पर उचित ही सवाल उठ रहे हैं। इसी तरह गुजरात में बिलकिस बानो के बलात्कारियों को भी पैरोल और फरलो पर बार-बार बाहर भेजा जाता रहा और अंततः केंद्र की सहमति से राज्य सरकार ने उनकी सजा माफ कर दी थी। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद फिर उन्हें जेल भेजा गया। शायद सरकारों को कानून की तो कोई परवाह नहीं रह गई है, वे लोकलाज और राजनीतिक मर्यादा भी भूल गई हैं।

राजमहल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की डेढ़ घंटे मुलाकात, मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास और मेवाड़- उड़ीसा के रिश्तों पर हुआ मंथन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के आमंत्रण पर गुरुवार को दोपहर 2:02 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजमहल उदयपुर पहुंचीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राजमहल आगमन पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मेवाड़ी परंपरानुसार स्वागत कर आभार प्रकट किया। इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह का भी आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपति द्रौपदी के साथ राजमहल पहुंचे राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा की भी अगवानी की गई। इस दौरान डॉ. लक्ष्यराज सिंह और राष्ट्रपति मुर्मू के बीच वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, राणा सांगा सहित मेवाड़ के प्रतापी महाराणाओं के त्याग, बलिदान, शौर्य, पराक्रम, स्वाभिमान के गौरवशाली इतिहास और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर करीब डेढ़ घंटे तक मंथन हुआ। डॉ. लक्ष्यराज सिंह और राष्ट्रपति मुर्मू के बीच मेवाड़ और उड़ीसा के रिश्तों पर भी चर्चा हुई। क्योंकि, राष्ट्रपति द्रौपदी और डॉ. लक्ष्यराज सिंह की पत्नी निवृत्ति कुमारी मूलतः उड़ीसा की निवासी हैं। डॉ. लक्ष्यराज सिंह के ससुर पटना-बलांगीर रियासत के पूर्व महाराजा कनकवर्धन सिंह देव उड़ीसा की वर्तमान भाजपा सरकार में डिप्टी सीएम हैं और सासू मां संगीता कुमारी सिंह देव बलांगीर लोकसभा से लगातार 5वीं बार भाजपा की सांसद हैं। डॉ. लक्ष्यराज सिंह की पत्नी निवृत्ति कुमारी, डिप्टी सीएम कनकवर्धन और सांसद संगीता की इकलौती बेटी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर 3:34 बजे राजमहल से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक के लिए रवाना हुईं। इस दौरान ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा भी मौजूद थे।

भीलवाड़ा में गरबा-डांडिया को लेकर गाइडलाइन हुई जारी:आधार कार्ड लेकर जाना होगा; महिलाओं के लिए ड्रेस कोड हुआ तय



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. भीलवाड़ा में गरबा-डांडिया को लेकर खास गाइडलाइन जारी की गई है। गरबा आयोजन में अब अवांछित लोग और असामाजिक तत्व प्रवेश नहीं कर पाएंगे। गरबा स्थल पर आधार कार्ड चेक किया जाएगा। साथ ही महिलाओं के लिए भी ड्रेस कोड तय किया गया है। इसमें मर्यादित कपड़े पहनकर ही महिलाएं गरबा स्थल पर आ सकेंगी।

यह फैसला हरिसेवा धाम पर हुई बैठक में लिया गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और भीलवाड़ा में गरबा आयोजन कराने वाली समितियों के सदस्य शामिल थे। बैठक में हुए फैसलों पर सभी ने सर्व सम्मति दी।

दो दिन पहले साध्वी सरस्वती ने किया था आह्वान

दो दिन पहले मंगलवार को भीलवाड़ा में कटार दीक्षा के दौरान साध्वी सरस्वती ने आह्वान किया था कि गरबा के दौरान यहां आने वाले लोगों के आधार कार्ड चेक किए जाएं, ताकि अवांछित लोग गरबा पंडाल में प्रवेश न कर पाएं। इसके बाद बैठक में इन फैसलों पर विचार किया गया। एंट्री पॉइंट पर ही दस्तावेज करेंगे चेक

बजरंग दल महानगर संयोजक अखिलेश व्यास ने बताया- नवरात्रि पर भीलवाड़ा में विभिन्न प्रकार के धार्मिक, सांस्कृतिक और गरबा का आयोजन होते हैं। उनमें असमाजिक तत्व प्रवेश करते हैं और अमर्यादित आचरण करते हैं।

ऐसे लोगों को पंडाल में आने से रोकने के लिए एंट्री पॉइंट पर आधार चेक करने का प्रावधान किया है। गरबा पंडाल में आयोजन समितियों के कार्यकर्ता प्रवेश द्वार पर तैनात रहेंगे। आगंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। पुख्ता जानकारी के बाद ही किसी भी व्यक्ति को पंडाल में प्रवेश दिया जाएगा। शक होने पर किसी भी व्यक्ति से उसका आधार कार्ड मांगा जा सकता है।

डांडिया के दौरान अश्लील गानें नहीं चलेंगे

व्यास ने बताया- गरबा समारोह के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इनमें एक यह भी है कि गरबा पंडाल में फूलड़ फिल्मी और अश्लील गाने न चलाए जाएं।

कार्यक्रम में संस्कृति के अनुरूप ही महिलाएं वेशभूषा पहनकर आएं। छोटे कपड़े, घुटनों से कटी हुई जींस आदि, बैकलैस टॉप आदि में महिलाएं और लड़कियां गरबा उत्सव में भाग न लें। माताओं-बहनों को अपरिचित लोगों से भी सतर्क रहने को कहा गया है।

जिस पर शक उसके दस्तावेज चेक करेंगे

मंगला चौक गरबा आयोजन मंडल के देवेंद्र हाडा ने बताया- गरबा स्थल पर असामाजिक तत्वों का प्रवेश रोकेंगे। महिलाओं से अपील है कि संस्कारी पोशाक पहनें। डीजे पर फिल्मी और अश्लील गाने बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। यह धार्मिक आयोजन है, इसलिए मर्यादा और संस्कृति का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

गीली सड़क से श्रद्धालुओं के जत्थे में दौड़ा करंट:11 केवी की लाइन से टच हुआ झंडा; एक की मौत, 4 घायल



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा3.भीलवाड़ा में नवरात्र पर झंडा जुलूस लेकर निकला श्रद्धालुओं का एक जत्था 11 केवी बिजली की लाइन की चपेट में आ गया। हादसे में झंडा लेकर चल रहे 22 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य झुलस गए। हादसा जिले के गुलाबपुरा थाना इलाके के झातल गांव के पास हुआ। झंडा लेकर नाचते-गाते चल रहे थे गुलाबपुरा थाना इंचार्ज पूरणमल ने बताया- रायला थाना इलाके चेना का खेड़ा गांव से नवरात्र स्थापना के अवसर पर हर साल गांव के लोग गुलाबपुरा थाना इलाके के झातल गांव जाते हैं।

गुरुवार सुबह 10 बजे चेना का खेड़ा से करीब 60 लोग झंडा लेकर गाते-बजाते पैदल 20 किलोमीटर दूर झातल गांव स्थित माता के स्थान के लिए रवाना हुए थे। झातल गांव से 3 किलोमीटर पहले इरात सहकारी समिति के पास रोड कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है, इसके कारण सड़क गीली थी और ऊपर से 11 केवी की लाइन गुजर रही थी।

झंडा लेकर चल रहे युवक की हुई मौत

झंडा लेकर चल रहायुवक ईश्वर बैरवा पुत्र सोहन इस दौरान करंट की चपेट में आ गया। उसका झंडा 11 केवी लाइन से टच हो गया। साथ चल रहे चार लोग भी करंट से झुलस गए।

सभी झुलसे लोगों को रायला हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने ईश्वर को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल उमेश बैरवा पुत्र सुरेश और हरफूल बैरवा पुत्र रमेश को भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया। जबकि एक महिला गोटिया बैरवा (18) और किशोर गोविंद बैरवा पुत्र संपत (14) का इलाज रायला हॉस्पिटल में चल रहा है।

सड़क गीली होने के कारण दौड़ा करंट

पुलिस का कहना है कि सड़क गीली होने और झंडा लाइन के चपेट में आने के कारण हादसा हुआ। शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने झंडा माता तक पहुंचाकर रस्म अदायगी की। बाकी घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे।

हादसे के बाद चेना का खेड़ा गांव में शोक का माहौल है। हादसे में जान गंवाने वाला ईश्वर बैरवा बेरोजगार था।

अजमेर में आइसक्रीम गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान खाक



24 न्यूज अपडेट

अजमेर : शहर के शास्त्री नगर क्षेत्र में स्थित आइसक्रीम के गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया. आग से लाखों का नुकसान हुआ है. लोगों की सूचना पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आइसक्रीम गोदाम से कुछ दूरी पर ही गैस सिलेंडर का भी गोदाम है, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

क्रिश्चियन थाने के हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह ने बताया कि आइसक्रीम गोदाम प्रकाश गुरनानी का है. गुरनानी ने आइसक्रीम की एजेंसी ले रखी है. गोदाम पर वह आइसक्रीम और अन्य प्रोडक्ट रखता था. उन्होंने बताया कि गोदाम में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है. गोदाम में रखा लाखों का सामान आग से जल गया है. नुकसान का आंकलन किया जा रहा है. हेड कांस्टेबल ने कहा कि आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई है. दमकल विभाग की मौके पर मौजूद टीम ने आग पर काबू पा लिया है. पुलिस मामले में जांच कर रही है.

उदयपुर में 26759 अभ्यर्थी देंगे स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा:5 अक्टूबर को 75 केन्द्रों पर होगी परीक्षा, इस बार फुल आस्तीन शर्ट पहन आ सकेंगे अभ्यर्थी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर.राजस्थान कर्मचारी बोर्ड की ओर से 5 अक्टूबर को स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा उदयपुर जिले में 75 केन्द्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा में 26759 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा दो पारियों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। प्रशासन ने 114 ऑब्जर्वर, 150 केन्द्राध्यक्ष और उपसमन्वयक की ड्यूटी लगाई गई है।

यह परीक्षा इंडो अमेरिकन पब्लिक स्कूल बलीचा, राबाउमावि नाई, राउमावि देबारी, विद्याभवन स्कूल रामगिरी आदि सेंटर पर होगी। अभ्यर्थी इस बार परीक्षा में फुल आस्तीन की शर्ट पहनकर आ सकेंगे।

हाल ही हुई सीईटी एग्जाम में फुल आस्तीन शर्ट पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों की शर्ट कैंची से काट दी गई थी। जिसके बाद बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। इसके अलावा परीक्षा में घड़ी सहित गले में चैन और ज्वैलरी के आइटम पहनकर आने पर प्रतिबंध रहेगा।

डोरे नगर मे खाटूश्याम कीर्तन कल शनिवार को

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, श्री श्याम भक्त मण्डल ट्रस्ट की ओर से श्री खाटूश्याम भजन कीर्तन इस बार 5 अक्टूबर शनिवार को सायंकाल 7 बजे से प्रभु इच्छा तक सेवाश्रम के पास डोरे नगर मे होगा। मण्डल संस्थापक ज्ञानीराम अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम बाबा को हीरे मोती स्वर्णाभूषण से बने कुण्डल मुकुट छत्तर हार आदि धराकर श्रृंगार किया जायेगा। प्रमुख भजन गायक - श्री अनिल जी शर्मा, आनन्द शर्मा, पायल शर्मा, जमनाशंकर, योगेश सैनी, प्रतीक माहेश्वरी ,इतिशा गोयल, पंकज भण्डारी एंव सुनन्दा चौबीसा आदि अनेक भक्त बाबा का गुणगान करेंगे।

जयपुर में प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारी:कार के शीशे तोड़ने की कोशिश कर रहे थे बदमाश, रोकने पर फायरिंग कर भागे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर.जयपुर में प्रॉपर्टी डीलर को 2 बदमाशों ने सरेआम गोली मार दी। इसके बाद फरार हो गए। घायल युवक को उसके दोस्त समय रहते प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए, जहां हालत स्थिर है। मामला करधनी इलाके के निवारू रोड का है। उधर, वारदात के बाद पूरे शहर में ए श्रेणी की नाकेबंदी कराई गई, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को डिटेन किया है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

CCTV में भागते नजर आए बदमाश

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया- घायल करधनी निवासी प्रदीप (27) उर्फ मोहन सिंह का खातीपुरा रोड स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति अब ठीक है। 2 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 10 बजे प्रदीप अपने दोस्त अभय सिंह व अन्य के साथ निवारू रोड 'गोठ द ठिकाना' रेस्टोरेंट के पास बैठा था। तभी कुछ बदमाश आए और उसकी कार के शीशे तोड़ने लगे। प्रदीप भाग कर कार के पास पहुंचा तो बदमाशों ने उसे गोली मार दी और भाग गए। गोली पेट में लगी।

12 टीमों का गठन

इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज में कुछ बदमाश भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। 12 टीमों का गठन किया गया है। रात को एफएसएल टीम भी मौके पर बुलाई गई थी। बदमाश फायरिंग करने के बाद एक युवक से बाइक छीन कर ले गए। बदमाशों का कनेक्शन नागौर की गैंग से होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को इसका इनपुट भी मिला है।

30 हजार लोगों से 500 करोड़ रुपए की ठगी, यूट्यूबर एल्विश यादव और कॉमेडियन भारती सिंह सहित 5 को समन



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस ने 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े ऐप-आधारित घोटाले में यूट्यूबर एल्विश यादव और कॉमेडियन भारती सिंह और तीन अन्य को तलब किया है. एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को 500 से अधिक शिकायतें मिलीं, जिसमें आरोप लगाया गया कि कई सोशल मीडिया प्रभावितों और यूट्यूबर्स ने अपने पेजों पर HIBOX मोबाइल एप्लिकेशन को बढ़ावा दिया और लोगों को ऐप के जरिए निवेश करने का लालच दिया. पुलिस ने इस मामले में सौरव जोशी, अभिषेक मल्हान, पूरव झा, एल्विश यादव, भारती सिंह, हर्ष लिंबाचिया, लक्ष्य चौधरी, आदर्श सिंह, अमित और दिलराज सिंह रावत को नोटिस जारी किया है.

मास्टरमाइंड शिवराम गिरफ्तार: पुलिस ने बताया कि घोटाले के मुख्य आरोपी चेन्नई निवासी शिवराम (30) को गिरफ्तार कर लिया गया है. IFSO यूनिट ने आरोपी के चार बैंक खातों में मौजूद 18 करोड़ रुपये भी सीज किए गए हैं. इस एप्लीकेशन में आरोपी निवेशकों को गारंटेड रिटर्न देने का लालच देते थे. 16 अगस्त को पुलिस को इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) में एचआईबीओएक्स एप्लीकेशन के खिलाफ 29 पीड़ितों की शिकायतें मिलीं.

30 हजार से ज्यादा लोगों से ठगी: डीसीपी ने बताया कि इस एप्लीकेशन के जरिए आरोपियों ने रोजाना एक से पांच फीसदी और महीने में 30 से 90 फीसदी रिटर्न की गारंटी देने का वादा किया था. एप को फरवरी 2024 में लॉन्च किया गया था. एप में 30 हजार से ज्यादा लोगों ने पैसा लगाया. शुरुआती पांच महीनों में निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिला. हालांकि, जुलाई से एप ने तकनीकी गड़बड़ियों, कानूनी मुद्दों, जीएसटी मुद्दों आदि का हवाला देते हुए भुगतान रोक दिया. शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें उनके निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा किया गया था. 20 अगस्त को स्पेशल सेल ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की.

जेपी नड्डा का जयपुर दौरा स्थगित-वीसी से लेंगे बैठक



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जयपुर दौरा स्थगित हो गया हैं। पहले नड्डा शनिवार को जयपुर आ रहे थे। वे बीजेपी कार्यालय में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक लेने वाले थे। लेकिन अब यह बैठक रविवार को वीसी से होगी। प्रदेश बीजेपी को 15 अक्टूबर तक 1.25 करोड़ सदस्य बनाने हैं। लेकिन पहले चरण के खत्म होने तक करीब 31 लाख सदस्य ही बने हैं। नड्डा से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष 26 सितम्बर को प्रदेश बीजेपी कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक ले चुके हैं। जिसमें उन्होने सदस्यता अभियान की धीमी गति को लेकर नाराज़गी जताई थी। जिसके बाद अभियान में तेजी देखने को मिली थी। इसी सिलसिले में अब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को सदस्यता अभियान की बैठक लेंगे। बीएल संतोष ने कहा था

खेतों में जाकर बनाओ सदस्य

बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने प्रदेश में बीजेपी के सदस्यता अभियान की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने बीजेपी के प्रदेश स्तर और जिला संयोजकों की बैठक में कम सदस्य बनाने के पीछे का कारण भी पूछा था।

इस पर संयोजकों ने कहा- इस समय खेती का समय चल रहा है, जिसके चलते सदस्यता कम रही है। बीएल संतोष ने कहा कि लोग खेती में व्यस्त हैं तो खेतों में जाकर सदस्य बनाएं। उन्होंने कहा- मैं यहां एक-एक व्यक्ति का रिकॉर्ड देखने आया हूं। किस व्यक्ति ने अपने मोबाइल से कितने सदस्य बनाए।

हालांकि मीटिंग के दौरान उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की तारीफ भी की और कहा कि उन्होंने टारगेट से दोगुने सदस्य बनाए हैं। इसी तरीके से बाकी लोगों को भी काम करना चाहिए।

नड्डा सदस्यता अभियान की करेंगे समीक्षा

प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अब शनिवार को शाम 7 बजे वीसी के जरिए सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक लेंगे। इस दौरान बैठक में सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, मेयर, उप महापौर के साथ प्रदेश सदस्यता अभियान की टोली, प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ-साथ आगामी रूपरेखा पर चर्चा होगी।

प्रदेश में 3 सितम्बर को हुई थी अभियान की लॉचिंग

देशभर में बीजेपी का सदस्यता अभियान चल रहा है। 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर इस अभियान की शुरुआत हुई थी। प्रदेश में अभियान की शुरुआत 3 सितंबर को की गई थी। अभियान का पहला चरण 30 सितंबर को खत्म हो गया हैं। वहीं दूसरा चरण 15 अक्टूबर तक चलेगा।

राजकोट में पहली बार कैंसर वॉरियर्स का गरबा:3000 मरीज, उनके परिजन और डॉक्टर शामिल हुए



24 न्यूज अपडेट

राजकोट . देश में पहली बार राजकोट में पूरे गुजरात से आए 3000 से ज्यादा कैंसर वॉरियर्स (मरीज) और उनके परिजन ने गरबा किया। कैंसर केयर फाउंडेशन के इस इवेंट के जरिए इन लोगों ने यह संदेश दिया कि कैंसर के खिलाफ जिंदगी की जंग जीती जा सकती है। बुधवार रात हुए गरबा में 250 से ज्यादा कैंसर स्पेशलिस्ट समेत 9 हजार लोग शामिल हुए।

गरबा के दौरान स्कूल-कॉलेजों की 700 से ज्यादा लड़कियों को भी गरबा खेलने के लिए बुलाया गया था। इन सभी लड़कियों को सर्वाइकल फाउंडेशन की ओर से कैंसर रोधी टीका (एचपीवी) लगाया गया। सभी को मैमोग्राफी टेस्ट के लिए गिफ्ट वाउचर भी दिए गए। करीब 200 साल पहले से परंपरा है कि गरबा खेलने वाली लड़कियां देवी कवच का जाप करती हैं। इस कार्यक्रम के दौरान भी 108 लड़कियों ने देवी कवच का पाठ किया। इन लड़कियों को देवी कवच का पाठ करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। आयोजकों का मानना है कि देवी पाठ से कैंसर रोगियों को नई ताकत और ऊर्जा मिलेगी।

सावधान : ऑपरेशन शुद्ध के लिए युद्ध में पकड़ा नकली सरस घी का जखीरा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुरयोगेश गोयल के निर्देशानुसार आगामी त्योहारों को देखते हुए मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों के विरुद्ध चलाएं जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत उमेश ओझा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर व छगन राजपुरोहित वृताधिकारी वृत नगर पूर्व के सुपरविजन में भरत योगी थानाधिकारी, प्रताप नगर मय टीम व प्रभारी डीएसटी धनपत सिंह मय टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ' साहित्य गौड पिता आलेश गौड जाति ब्राहम्ण उम्र 32 साल निवासी मकान नम्बर 54 कुम्भानगर चितौडगढ़ थाना सदर चितौडगढ जिला चितौडगढ को कार रजि० नम्बर आर० जे० 27 सीसी 0296 में सरस घी पैकिंग जैसे पैकेट तरल पदार्थ भरा हुआ परिवहन करते हुए डिटेन किया गया, उक्त सामग्री का परिवहन करने बाबत वैध लाइसेंस व बिल के बारे में पूछा तो नहीं होना पाया गया, व अभियुक्त द्वारा उक्त सरस घी नकली होना बताया गया बाद पुछताछ थाना प्रतापनगर द्वारा अग्रिम अनुसंधान जारी है।

सोशल साइट पर अपलोड किया अश्लील वीडियो : चाइल्ड पॉर्नोग्राफी-पॉक्सो एक्ट में अज्ञात के खिलाफ FIR; दो केस दर्ज



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. सोशल मीडिया पर बच्चों से जुड़े अश्लील वीडियो अपलोड करना गैरकानूनी है। बांसवाड़ा जिले के अरथूना और सज्जनगढ़ थाना इलाके के दो आरोपियों के खिलाफ चाइल्ड पॉर्नोग्राफी-पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किए गए हैं। जयपुर मुख्यालय ने तकनीकी जांच की तो पाया कि आरोपियों की आईडी से बच्चों से यौन दुराचार के वीडियो सोशल साइट पर अपलोड किए गए थे। इसके बाद दोनों के खिलाफ अरथूना और सज्जनगढ़ थाने में केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार दोनों प्रकरण 2022 के हैं। एक केस में अरथूना थाने में प्रभारी नरेंद्र सिंह भाटी की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके अनुसार साइबर थाना बांसवाड़ा से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस व एसओजी के पत्र के साथ एक परिवाद और कुछ तकनीकी डेटा प्राप्त हुए। परिवाद में उल्लेखित मोबाइल नंबर से पंचाल यूजर नाम से 14 अप्रैल, 2022 को पोर्न वीडियो अपलोड किया गया। यह करीब पौने दो मिनट का वीडियो था। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति और बच्ची की पहचान नहीं हो सकी। तकनीकी डेटा खंगाला तो जानकारी मिली की मोबाइल नंबर के सिमधारक की ओर से ही सोशल साइट पर पोर्न वीडियो अपलोड किया गया है। एनसीआरबी के रिकॉर्ड से इसकी पुष्टि भी हुई। ऐसे में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 13,14 व आईटी एक्ट की धारा 67 बी के तहत अपराध होना पाया गया। केस दर्ज कर जांच गढ़ी सीआई रोहित कुमार को सौंपी गई है।

नाबालिग का फोटो अश्लील बनाकर फेसबुक पर डाला

इसी तरह का दूसरा मामला सज्जनगढ़ थाने को मिला। इस पर थानाधिकारी नागेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर नाबालिग का अश्लील बनाकर फेसबुक पर अपलोड करने के अपराध में मोबाइल नंबर और आईडी के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इसकी जांच कुशलगढ़ सीआई सवाई सिंह को सौंपी गई है।

विनय क्रिकेट क्लब के विपिन सुखवाल बने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर, कल होगा पदार्पण मैच



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर शहर के विनय क्रिकेट क्लब से जुड़े विपिन सुखवाल का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायरिंग की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। जहां उनका पहला मैच आज दिनांक 4 अक्टूबर 2024 शुक्रवार को जापान और सिंगापुर (आईसीसी एसोसिएट देश) के बीच महिला क्रिकेट टीमों के मध्य खेले जाने वाले मैच से होगा। यह जानकारी देते हुए विनय क्रिकेट क्लब के संस्थापक सचिव यशवंत पालीवाल ने बताया कि विपिन सुखवाल को जापान क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजित जापान और सिंगापुर की महिला क्रिकेट टीमों के मध्य आयोजित 5 मैचों की द्विपक्षीय (दो देश की) सीरीज में 3 मैचों में अंपायरिंग का दायित्व दिया है। यह जानकारी जापान क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी की गई। जिसे उन्होंने उनको क्रिकेट जगत में लाने वाले विनय क्रिकेट क्लब के सचिव यशवन्त पालीवाल को दी। विपिन सुखवाल मूलतः उदयपुर जिले के रहने वाले हैं। यहां उनके निवास स्थान हिरण मंगरी सेक्टर 3 में स्थित है। विपिन के पिता वेदराज (डॉक्टर) कैलाश सुखवाल, पत्नी निधि सुखवाल, व एक पुत्री धनीका है। दो बहन योगिता सुखवाल वह लीना सुखवाल के बीच सबसे छोटे भाई हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा हिरण मगरी से 4 स्थित विद्या विहार स्कूल , गुरु नानक स्कूल में हुई इसके बाद बी.एन. कॉलेज से इन्होंने शिक्षा प्राप्त करते हुए क्लब और कॉलेज के लिए क्रिकेट खेलें। शिक्षा के बाद क्लब की एक सीनियर खिलाड़ी साथी नरेंद्र सिंह नेगी ने (जापान जॉन) नीमराना अलवर स्थित डैकेन इंडिया में जॉब के लिए बुलाया जहां उनका संपर्क जापान के प्रमुख लोगों से हुआ और उन्होंने वहां से 7 वर्ष पहले जापान की ASM कंपनी में मैनेजर बिजनेस कंट्रोल पद जोइनिंग किया। वहां भी विपिन ने अपने क्रिकेट के जुनून के चलते क्रिकेट के प्रति रुचि इच्छा शक्ति के चलते कभी भी क्रिकेट से दूरी नहीं रखी और मेहनत लगन के साथ आगे बढ़ते रहे। क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में अच्छी क्रिकेट खली उसके उपरांत अंपायरिंग क्षेत्र में कदम रखा और अपना क्रिकेट करियर बनाना शुरू किया जहां उनके उदयपुर के क्रिकेट अंपायरिंग साथी सुरेश साहू ,संजय जैन, अंशु महिंद्रा, राकेश जैन,विजय नंदवाना के साथ इन सभी के गुरु पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर बलवंत शर्मा सर का महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ विपिन बताते हैं कि परिवारजनों एवं उनके सभी के सहयोग के बिना इस मुकाम पर पहुंचना संभव नहीं था। इन सभी के सहयोग मार्गदर्शन एवं आशीष से अब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग करने वाले हैं। विपिन आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल) द्वारा हाल ही में अम्पायरिंग परीक्षा श्रेष्ठ अंकों के साथ उत्तीर्ण की जिसे उन्हें इस वर्ष जापान क्रिकेट बोर्ड ने मैच अधिकारी के रूप में चुना । यह उदयपुर ही नहीं पूरे राजस्थान के लिए गर्व का क्षण है वह दुनिया में शहर व राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उनके अंतरराष्ट्रीय अंपायर के रूप में पहला अनुभव होगा। और उन्हें भविष्य में और भी बड़े मैचों पर अंपायरिंग करने की उम्मीद है। विपिन के इस ऐतिहासिक डेब्यू से उदयपुर के क्रिकेटर खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है इस अवसर पर पूर्व टेस्ट अंपायर प्रोफेसर आर.एस. राठौर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर बलवंत शर्मा BCCI पैनल अंपायर तपन शर्मा, कमलेश शर्मा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव महेंद्र शर्मा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज भटनागर जिला संघ के उपाध्यक्ष यशवंत पालीवाल मनोज चौधरी, संयुक्त सचिव डॉक्टर प्रकाश जैन पूर्व क्रिकेटर देवेंद्र सिंह झाला चंद्रपाल, सिंह चुंडावत, निलेश उड़ानी, जितेंद्र जैन, लोकेश गवारिया, प्रभु दास वैष्णव गौरव जोशी व सहित उदयपुर क्रिकेट के कई पुराने साथी मित्रों खेल प्रेमियों व सामाजिक संगठनों एवं विनय क्रिकेट क्लब के सदस्यों ने इस सफलता पर गर्व महसूस करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। उदयपुर के इस होनहार युवा अंपायर ने इस स्थानीय क्रिकेट से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जो सफर तय किया है वह सभी के लिए प्रेरणा दायक है।

ऑनलाइन गेम में हारने पर रची लूट की साजिश:फाइनेंस कर्मी ने बाइक सवारों पर लगाया आरोप, 62 हजार लूट ले गए आरोपी



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. सोशल मीडिया पर बच्चों से जुड़े अश्लील वीडियो अपलोड करना गैरकानूनी है। बांसवाड़ा जिले के अरथूना और सज्जनगढ़ थाना इलाके के दो आरोपियों के खिलाफ चाइल्ड पॉर्नोग्राफी-पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किए गए हैं। जयपुर मुख्यालय ने तकनीकी जांच की तो पाया कि आरोपियों की आईडी से बच्चों से यौन दुराचार के वीडियो सोशल साइट पर अपलोड किए गए थे। इसके बाद दोनों के खिलाफ अरथूना और सज्जनगढ़ थाने में केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार दोनों प्रकरण 2022 के हैं। एक केस में अरथूना थाने में प्रभारी नरेंद्र सिंह भाटी की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके अनुसार साइबर थाना बांसवाड़ा से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस व एसओजी के पत्र के साथ एक परिवाद और कुछ तकनीकी डेटा प्राप्त हुए। परिवाद में उल्लेखित मोबाइल नंबर से पंचाल यूजर नाम से 14 अप्रैल, 2022 को पोर्न वीडियो अपलोड किया गया। यह करीब पौने दो मिनट का वीडियो था। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति और बच्ची की पहचान नहीं हो सकी। तकनीकी डेटा खंगाला तो जानकारी मिली की मोबाइल नंबर के सिमधारक की ओर से ही सोशल साइट पर पोर्न वीडियो अपलोड किया गया है। एनसीआरबी के रिकॉर्ड से इसकी पुष्टि भी हुई। ऐसे में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 13,14 व आईटी एक्ट की धारा 67 बी के तहत अपराध होना पाया गया। केस दर्ज कर जांच गढ़ी सीआई रोहित कुमार को सौंपी गई है।

नाबालिग का फोटो अश्लील बनाकर फेसबुक पर डाला

इसी तरह का दूसरा मामला सज्जनगढ़ थाने को मिला। इस पर थानाधिकारी नागेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर नाबालिग का अश्लील बनाकर फेसबुक पर अपलोड करने के अपराध में मोबाइल नंबर और आईडी के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इसकी जांच कुशलगढ़ सीआई सवाई सिंह को सौंपी गई है।


डॉ. चमनसिंह ने संभाला नो एनिमल जोन का जिम्मा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32 वें दीक्षांत समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य आतिथ्य थीं कार्यक्रम सुविवि में होने पर वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेन्टर को एक आदेश राज्य सरकार द्वारा प्राप्त हुआ कि कार्यक्रम स्थल के आस पास कोई जानवर न आ जाए इस लिए सेन्टर अध्यक्ष डा. चमन सिंह चौहान की सेवाएं ली गईं। इस से पहले भी डा. चमन सिह ने दो बार डा. अब्दुल कलाम के कार्यक्रम में सेवाएं दीं। एक बार पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील के चावण्ड के क्रायक्रम में अपनी सेवाए दीं 3 बार प्रधान मत्री नरेन्द्र मोदी की सभाओं में अपनी सेवाए दीं।

बाइक सवार तीन बदमाशों ने आंखों में मिर्च डालकर लूटे पांच लाख



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.डूंगरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी में आंख में मिर्ची डाल कर युवक के साथ 5 लाख की लूट की वारदात सामने आई है। इस घटना में बाइक सवार 3 बदमाश आंखों में मिर्च का पाउडर डालकर रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। कोतवाली थाने के सीआई भगवान लाल मेघवाल ने बताया कि कनबा गांव निवासी हितेश पटेल वीजा के काम से 3 लाख रुपए लेकर घर से निकला था। डूंगरपुर शहर की न्यू कॉलोनी में छोटे भाई विपिन के घर पहुंचा जहां से उसने 2 लाख रुपए और लिए। इसके बाद युवक वहां से रवाना हुआ तो रास्ते में बाइक सवार 3 बदमाशों ने रोक लिया। मारपीट की और उसकी आंखों में मिर्च का पाउडर डालकर 5 लाख रुपयों से भरा बैग छीन कर भाग गए। पीड़ित हितेश ने भाई के घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी व उसके बाद पुलिस को बताया गया।एएसपी रतनलाल चावला, डीएसपी राजकुमार राजोरा और कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल मौके पर गए। बदमाशों की तलाश शुरू हो गई है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।